भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1285
उत्तर देने की तारीख :25.07202.2

पंजाब में केंद्रीय विद्यालय

†1285. श्रीमती किरण खेर:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पंजाब और चंडीगढ़ सरकार ने राज्य भर में नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए सरकार के पास कोई अनुरोध प्रस्तुत किया है; और
(ख) यदि हां, तो उनकी स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) और (ख): नए केंद्रीय विद्यालय (केवि) खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केंद्रीय विद्यालयों को देशभर में शिक्षा के लिए एक साझा कार्यक्रम प्रदान करके मुख्य रूप से रक्षा और अर्द्धसैनिक बलों के कार्मिकों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्चतर शिक्षण संस्थानों (आईएचएल) के कर्मचारियों सहित केन्द्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोला जाता है। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव पर तभी विचार किया जाता है यदि उसे भारत सरकार के मंत्रालयों अथवा विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किया गया हो और नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए संसाधनों की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई हो। विभिन्न प्रायोजक प्राधिकरणों से प्राप्त प्रस्तावों, जो नए केंद्रीय विद्यालय खोलने संबंधी पूर्व-अपेक्षाओं को पूरा करते हैं, को ऐसे अन्य प्रस्तावों के साथ 'चुनौती पद्धति' के तहत प्रतिस्पर्धा करनी होती है और ये सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन होता है।

वर्तमान में, पंजाब में 51 के.वि. और चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र में 5 के.वि. कार्यात्मक हैं। केंद्रीय विद्यालय संगठन को पंजाब और चंडीगढ़ सरकार से नए के.वि. खोलने के लिए निर्धारित प्रारूप में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

******